...हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज प्रकरण संख्या :– 195 / 2025 बीरबल बनाम तहसीलदार प्रार्थना पत्र अ. धा. 136 राज. भू राजस्व अधिनियम	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
11.07.2025	पत्रावली वास्ते आदेश पेश हुई। वकील प्रार्थी उपस्थित। दौराने बहस वकील प्रार्थी ने कथन किया कि वाके ग्राम छावसरी पटवार हल्का छावसरी तहसील गुढागौडजी जिला झुन्झुनूं में भूमि हाल खसरा नम्बर 1482 / 584 रकबा 1.0922 है0 भूमि स्थित है जो प्रार्थी की खातेदारी भूमि है। प्रार्थी की जमीन के नजरी नक्शे में संदर्भित खसरा नं. 584 में नक्सा भौतिक रूप से दुरूस्त किया जाना आवश्यक है, चूंकि खसरा नं. 584 के दक्षिणी दिशा में रास्ते का जो मार्क ए से बी होना चाहिए था वह सी से डी कर दिया जिसे दुरूस्त किया जाये। वकील प्रार्थी को सुना जाकर पत्रावली का अवलोकन किया गया। नक्शा सीट बाबत तहसीलदार द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट का ध्यान पूर्वक अवलोकन किया गया। मुताबिक रिपोर्ट तहसीलदार ग्राम छावसरी के भूमि खसरा नं. 584 में दक्षिणी दिशा में रास्ते की तरमीम गलत हुई है। रास्ते की तरमीम के मध्य पुख्ता मकानात बने हुए हैं, जिसें दुरूस्त किया जाना उचित है। अतः बाद अवलोकन पत्रावली प्रार्थना पत्र प्रार्थी न्यायालय मत पर स्वीकार किया जाना न्यायसंगत प्रतीत होता है। –: आदेश :– प्रार्थना पत्र प्रार्थी स्वीकार किया जाता है तथा तहसीलदार गुढागौड़जी को आदेशित किया जाता है कि राजस्व ग्राम छावसरी पटवार हल्का छावसरी तहसील गुढागौड़जी जिला झुन्झुनूं में भूमि हाल खसरा नम्बर 1482 / 584 रकबा 1.0922 है0 की नक्शा सीट में रास्ते की तरमीम मुताबिक रिपोर्ट तहसीलदार दुरूस्त किये जाने के आदेश दिये जाते हैं। तहसीलदार रिपोर्ट आदेश का भाग रहेगी। आदेश की पालना हेतु तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसल शुमार हो दर्ज नम्बर से कम हो तथा दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 11.07.2025 को खुले इजलास सुनाया गया। (हस्ताक्षर) 11/7/25 (हवाई सिंह यादव) उपखण्ड अधिकारी, झुंझुनूं उपखण्ड अधिकारी झुन्झुनू (राज.)	